हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, दिसंबर 26, 2023

12 पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ देना ही सुशासन



12 निर्माण कार्य गड़बड़ी पर विधायक ने लगाई ठेकेदार को फटकार



## खबर संक्षेप

### संत कंवर साहेब देंगे एक को करेंगे सत्संग

**भिवानी।** राधा स्वामी दिनोद के परम संत कवर साहब आगामी नववर्ष के पावन अवसर पर एक जनवरी को भिवानी के रोहतक रोड स्थित राधा स्वामी आश्रम में संगत को सत्संग एवं प्रवचन देंगे। यह जानकारी राधा स्वामी सत्संग दिनोद के सेवादार संदीप खरकिया ने आज दी उन्होंने बताया कि की हर वर्ष की भांति नए वर्ष पर गुरु महाराज संगत को सत्संग देते हैं, इससे पहले 31 दिसंबर को सेवादारों का सत्संग भी होगा सत्संग।

### सिलाई सीखने गई दो बहनें लापता

**चरखी दादरी।** शहर में सिलाई सीखने आई दो बहनें संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी प्रयास के बाद भी लापता लड़कियों का सुराग नहीं लगा। पुलिस ने लड़कियों की मां की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना बौंद कला क्षेत्र निवासी दो बहनें दादरी शहर में कपड़े सिलाई सीखने आती थी।

### नपा ने चलाया बैनर हटाओ अभियान

**बवानीखेड़ा।** नगर पालिका बवानी खेड़ा कर्मचारियों द्वारा खंभों व सार्वजनिक स्थानों पर लगे बैनरों को हटाने का अभियान चलाया। कर्मचारियों द्वारा सभी बैनरों को बिजली के पोल व अन्य स्थानों से उतारकर ट्रैक्टर.ट्राली में डालकर एरिया को साफ किया। हालांकि कस्बा में ये चर्चा भी रही की एक पार्टी को छोड़कर अन्य पाटियों के कार्यकर्ताओं के सभी बैनरों को हटा दिया गया।

### रामपुरा के पास स्कॉर्पियो की टक्कर से श्रमिक की मौत

**बाढ़ड़ा।** सोमवार को कोहरा में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी की सिमेंट से भरे ट्राला से सीधी टक्कर हो गई। इस हादसे में चरखी दादरी निवासी 32 वर्षीय मनीष नामक श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक गाड़ी मौके पर छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों ने शव को दादरी के सिविल अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी।

### समीर श्योराण का लोहारू के गांवों में दौरा 27 से

**लोहारू।** पूर्व विधायक चौ सोमवीर सिंह पुत्र एवं कांग्रेस के पूर्व युवा हलका अध्यक्ष समीर श्योराण आगामी 27 दिसंबर से लोहारू ब्लाक के गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की कांग्रेस की नीतियों से अवगत कराएंगे और भाजपा की कथित जनविरोधी नीतियों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करेंगे। यह जानकारी देते हुए एडवोकेट शक्ति सिंह ने बताया कि समीर श्योराण ने इन दिनों लोहारू हलके में जनजागरण अभियान चला रखा है।



### तुलसी पूजन से भगवान श्री कृष्णा होते हैं प्रसन्न

**चरखी दादरी।** गांव समसपुर स्थित जीके सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में तुलसी पूजन कार्य्क्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य अनूप सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने बताया कि हिंदू धर्म में तुलसी का बहुत महत्व है। उसके उच्चारण मात्र से भगवान श्री कृष्ण प्रसन्न हो जाते हैं। इसकी पूजा से सीधे उनके दर्शन होते हैं। अनूप सिंह बताया कि ऐसी मान्यता है कि जिस घर आंगन में तुलसी होती है वहां किसी प्रकार की नकारात्मक उर्जा नहीं रहती व कष्टों का नाश होता है।

## अतिरिक्त पानी की मांग को लेकर दो दर्जन गांवों के किसान 27 को करेंगे प्रदर्शन

# सुंदर नहर में पानी को लेकर आरपार की लड़ाई का ऐलान

आंदोलन को लेकर किसानों ने गांव-गांव जाकर किसानों से सम्पर्क साधना आंरभ कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** सुंदर नहर में अतिरिक्त पानी की मांग को लेकर आयोजित पंचायत में उपस्थित किसान।

सोमवार को सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में सात दिन तक पानी चलाए जाने की मांग को लेकर किसान बिफर गए। सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में सप्ताह की बजाए तीन दिनों तक पानी दिए जाने को लेकर आरपार की लड़ाई का ऐलान कर दिया। अतिरिक्त पानी की मांग को लेकर करीब दो दर्जन गांवों के किसान 27 दिसम्बर को भिवानी में प्रदर्शन करेंगे।

अगर उसके बाद भी अतिरिक्त (पूरा सप्ताह) पानी नहीं मिला तो वे अनिश्चितकालीन आंदोलन का ऐलान करेंगे। भिवानी शहर में होने वाले आंदोलन को लेकर किसानों ने गांव-गांव जाकर किसानों से सम्पर्क साधना आंरभ कर दिया। सुबह दस बजे सुंदर ब्रांच नहर का पानी एक सप्ताह दिए जाने की मांग को लेकर बवानीखेड़ा अनाज मंडी में किसानों की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान किसानों ने आरोप लगाया कि सुंदर ब्रांच नहर में पानी छोड़े जाने के मामले में सरकार क्षेत्र के किसानों से सौतेला व्यवहार कर रही है।

जिसके चलते किसानों की फसलें बर्बाद हो रही है। किसानों ने बताया कि विगत में सुंदर नहर में तीन दिनों तक पानी छोड़ा गया, जबकि पूरा सप्ताह छोड़ा जाना चाहिए था। जिन दिनों में नहर को बंद किया गया। उन दिनों में जिन किसानों की नहरी पानी की बारी थी। उन किसानों के खेतों की सिंचाई नहीं हो पाई। खासकर गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार व रविवार को नहर व उससे निकलने वाले माइनरों का पानी बंद हो गया था। पानी न पहुंचने की वजह से किसानों के खेतों में सरसों व गेहूं की फसल प्रभावित हो रही है।

### सीएम के समक्ष भी उठाया था नहरी पानी का मामला

चार मार्च को गांव बलियाली में सीएम मनोहर लाल का जन संवाद कार्यक्रम था। उस वक्त जल संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी राहुल किरावड़ ने उक्त मामला उठाया था। सीएम मनोहर लाल ने उनकी बात को सुना और बाद में सुंदर नहर में सात दिनों तक पूरा पानी छोड़े जाने का आश्वासन दिया था। उस वक्त अधिकारियों ने हामी भरी थी,लेकिन अब सुंदर नहर में सात की बजाए तीन दिनों तक ही पानी चल पाया है।

### 27 को उपायुक्त को सौंपेगे ज्ञापन

बैठक की अध्यक्षता हवासिंह शर्मा मंढ़ाणा व सुरेश सरपंच किरावड़ ने की तथा संचालन ग्राम स्वराज्य किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष जोगेंद्र तालु ने किया। इस दौरान किसानों ने सर्वसम्मति से फैसला लिया कि सुंदर ब्रांच नहर में एक सप्ताह पानी दिए जाने की मांग को लेकर किसान 27 दिसंबर को उपायुक्त को मांगपत्र सौंपेंगे तथा उसके बाद भी कोई कदम नहीं उठाए गए तो किसान सड़कों पर उतरने पर मजबूर होंगे। किसानों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि किसानों की जरूरत को देखते हुए सुंदर ब्रांच नहर में एक सप्ताह पानी दिया जाना चाहिए, जो कि नहीं दिया जा रहा। जिसकी वजह से किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा तथा उनकी फसल बर्बाद हो रही है। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि फिर भी उनका पर्याप्त पानी नहीं मिला तो सडकों पर उतरकर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।



**बाढड़ा।** विधायक को ज्ञापन सौंपते बुजुर्ग खिलाड़ी।

## कैश आवार्ड की मांग को लेकर बुजुर्ग खिलाड़ियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

कैश अवार्ड नहीं मिलने पर प्रदेश के बुजुर्ग खिलाड़ियों में रोष बना हुआ है। बीते कुछ समय से वे लगातार अपनी मांग को बुलंद कर रहे हैं। सोमवार को बाढ़ड़ा में रामकिशन शर्मा की अगुवाई में विधायक नैना चौटाला को को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा और कैश आवार्ड की मांग की।

सीएम के नाम विधायक को सौंपे ज्ञापन के माध्यम से खिलाड़ियों ने अवगत करवाया कि तीन राष्ट्रीय फैडरेशन हर वर्ष एथलेटिक्स के 35 वर्ष से 100 वर्ष आयुवर्ग में महिला एवं पुरूषों के खेल आयोजित करवाते हैं। बीते कुछ वर्षों के दौरान इन खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल हासिल कर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया है और युवा खिलाड़ियों के लिए एक प्रेरणा का काम किया है। लेकिन मेडल जीतकर लाने वाले इन खिलाड़ियों को कैश आवार्ड के नाम पर एक रुपये की भी मदद नहीं मिली है।जबकि खिलाड़ी 20 से 30 हजार रुपये खर्च कर इन खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं। खिलाड़ियों ने कहा कि करीब पांच साल पहले यहीं फैडरेशन व खेल मंत्रालय भारत सरकार व रा'य सरकार की ओर से खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता व सरकारी कर्मचारियों को वेतन वृद्धि देती थी। वहीं सरकार ने भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जितने वाले खिलाड़ियों को कैश आवार्ड देने की घोषणा की थी। लेकिन अब खिलाडियों की अनदेखी की जा रही है। जिसके लिए वे सीएम विंडो व डीसी के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भी भेज चुके हैं।

## मंजूलता ने डिस्कस व हैमर थ्रो में सोना जीतकर किया प्रदेश का नाम रोशन



**भिवानी।** पदकों के साथ पदक विजेता मंजू लता।

हरिभूमि न्यूज,भिवानी

32 वी हरियाणा मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप में भिवानी निवासी मंजुलता ने डिस्कस ओर हैमर थ्रो में गोल्ड मेडल और शॉट पुट में कांस्य पदक जीत प्रदेश का और भिवानी जिले का नाम रोशन किया। उक्त प्रतियोगिता का आयोजन 24 व 25 दिसम्बर को गुरुग्राम में किया गया । उनकी इस उपलब्धी पर खेलप्रेमियों ने खुशी का इजहार किया। खेलप्रेमियों ने एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया। यहां यह बताते चले कि विगत में गुरुग्राम में 32 वी हरियाणा मास्टर एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन हुआ था,जिसमें जिसमे 50 से 55 आयु वर्ग में भिवानी निवासी मंजुलता ने डिस्कस ओर हैमर थ्रो में गोल्ड मेडल और शॉट पुट में कांस्य पदक जीते। इससे पहले भी मंजुलता ने कई बार देश विदेश में पदक प्राप्त कर परदेश का नाम रोशन किया है।

### प्रोफेसर मनीषा और डॉक्टर सुजाता अपने गांव को देने आई संदेश

**भिवानी।** आज गांव सिरसा घोघडा की आंगनबाड़ी में लड़कियों की शिक्षा और महिलाओं की जागरूकता का कार्यक्रम रहा। इसमें मुख्य रूप से सहायक प्रोफेसर मनीषा और डॉक्टर सुजाता ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम भगत सिंह यूथ क्लब सिरसा घोघडा और वंदे मातरम यूथ ब्रिगेड ने संयुक्त रूप से आयोजित किया । सहायक प्रोफेसर मनीषा ने कहा हम इसी गांव की बेटियां हैं इसी गांव के सरकारी स्कूल से पढ़ी हैं । लड़कियों को शिक्षा के लिए परिवार का समर्थन जरूरी है । शिक्षा मात्र नौकरी पाने के लिए नहीं है अपितु जागरूकता के साथ जीवन जीने के लिए है। डॉक्टर सुजाता ने कहा कि महिलाएं अपने स्वास्थ्य एवं खाने पीने के प्रति जागरूकता बनाए रखें। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक प्रोफेसर मदन सिंह नवोदय ने की,उन्होंने बताया कि जागरूकता ऐसा साधन है जिसमें आप यह तय कर पाते हैं कि एक समस्या के समाधान पर कार्य किया जाए, जिससे कि परिवार और समाज की अनेक समस्याओं का समाधान हो जाए । कार्यक्रम में ईश्वर सरपंच सिरसा घोडा ने लोगों से अपील की की अपने बच्चों को दिखावे के चक्कर में ने पढ़कर सरकारी स्कूल में दाखिला करवाएं।

## अयोध्या से पहुंचे श्रीराम मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा निमंत्रण अक्षत गागड़वास गांव में भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री रामचंद्र के मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण के अक्षत पीले चावल खंड लोहारू के गागड़वासए बिसलवासए अहमदवास मंडल में पहुंचने पर गाजे बाजे के साथ ग्रामीणों ने स्वागत किया। अहमदवास खेड़ा के महाराज परमेश्वर नाथ नागा बाबा के सानिध्य में यह कार्यक्त्रम आयोजित किया गया। गागड़वास गांव में वरुण श्योराण ने निमंत्रण अक्षत का भव्य स्वागत किया और कहा कि श्रीराम मंदिर का निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा से पूरे देशवासियों का गौरव बढ़ा है। तुराज सरपंच, रामकुमार वर्मा, फतेह सिंह, जागेराम, देवेंद्र, मुकेश मास्टर, नरेश मास्टर,अनिल, उदयभान, मनजीत व गांव अहमदवास से विकास सरपंच, कुलदीप शमा, जयवीर पूनिया, जयसिंह पडग़ड़, राजेंद,पृथ्वी, सुखवीर, विजय कुमार, भगत बाग सिंह, कमला देवी, सुनीता देवी, बिना कुमारी, रजवंती, प्रेम देवी, प्रमिला देवी, सरिता देवी, सुशीला देवी व अन्य माता बहनों ने भी जोरदार स्वागत किया तथा गागड़वास से वरुण श्योराण व साथियों ने भी जोरदार स्वागत किया।



**लोहारू।** बिसलवास मंडल में निमंत्रण अक्षत का स्वागत करते हुए ग्रामीण।

## शीतकालीन मौसम की पहली धुंध ने छुड़ाए वाहन चालकों और आमजन के पसीने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

शीतकालीन मौसम की पहली धुंध ने सोमवार को वाहनचालकों व आमजन के पसीने छुड़वाने का कार्य किया। जहां एक और वाहनों द्वारा अपने वाहनों की लाइट जलाकर सफर तय किया जा रहा था और आमजन का भी घर से निकलना मुश्किल हो गया। नागरिक बस स्टैंड पर बसों का इंतकार कर रही सवारियों को ऐडी उठाकर अपने वाहनों को आते हुए देखा गया तो वहीं वाहन 'यादा धुंध के कारण रेंगकर चलते को मजबूर दिखाई दे रहे थे। वहीं शिक्षा विभाग ने भी मौसम की नजाकत को देखते हुए 1 जनवरी से 15 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश की घोषणा की है लेकिन ये पांच दिन बच्चों व शिक्षकों के लिए काटने बड़े मुश्किल दिखाई दे रहे हैं। अभिभावक भी चिंता कर रहे हैं कि उनके नन्हें.मुन्नें बच्चे सर्दी की ठिठुरन में किस प्रकार से विद्यालय जाकर कक्षाएं लगाएंगें।



**बवानीखेड़ा।** शीतकालीन मौसम की पहली धुंध में सड़क पर लाइट जलाकर आते वाहन।

## सुशासन को आधार मानकर हरियाणा में हो रहा काम

■ लोकसभा सांसद बोले, किसी को भी अपने हक के लिए धक्के नहीं खाने होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि शासन का असल मतलब सुशासन ही है और सुशासन के लिए सुनिश्चित करना है कि पात्र लोगों को उनका हक मिले। किसी को अपने हक के लिए धक्के ना खाने पड़े। हरियाणा प्रदेश में तेजी से सुशासन की दिशा में काम हो रहा है।

सांसद सोमवार को सुशासन दिवस पर जिला में आयोजित कार्यक्त्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संदेश को लाइव सुना। सांसद ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सुशासन की ओर बढ़ते हुए सरकार काम कर रही है। शासन का मतलब केवल शासन करना ही नहीं है, बल्कि इसका वास्तविक मतलब तो सुशासन ही है। जब सुशासन की बात आती है तो उसमें पात्र लोगों को उनका हक देना अहम हो जाता है। सुशासन में किसी को अपने हक के लिए चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। इसी सोच को ध्यान में रखते हुए हरियाणा में तेजी से सुशासन को आधार मानकर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक व्यवस्था परिवर्तन के दौरान उसकी अच्छाई को समझाने या समझने में देर लग सकती है लेकिन इसके दूरगामी परिणाम मिलते हैं, जिसका सबसे अधिक फायदा जन मानस को ही होता है। विकसित देशों की तरह हमारे देश में भी लोग इसको जल्द समझने लगेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग 10 सालों में प्रदेश में बड़ा बदलावा आया है और हरियाणा तेजी से विकास के कार्योंर् में आगे बढ़ रहा है। अगले पांच छह सालों में हरियाणा विकास के मामले में सबसे ऊपर होगा।



**चरखी दादरी।** आंगनबाड़ी वर्करों को स्मार्ट फोन देते सांसद।



**भिवानी।** महाराजा सूरजमल को याद करते हुए।

### पंज प्यारों को किया नमन

**भिवानी।** युवा कल्याण संगठन द्वारा सोमवार को महाराजा सूरजमल का बलिदान दिवस और पंच प्यारों का बलिदान दिवस चौण मोहब्बत सिंह पेट्रोल पंप पर मनाया गया। इस मौके पर उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने कहा कि महाराजा सूरजमल अपने शौर्य, पराक्रम, रणनीति व शरणागत वत्सल के लिए पूरे देश.दुनिया में जाने जाते है। अपने जीवनकाल में महाराजा सूरजमल ने 80 युद्ध लड़े तथा सभी युद्धों में विजय हासिल की। उन्होंने कहा कि महाराज सूरजमल किशोरावस्था से ही बहुत ताकतवर, साहसी यौद्धा, धैर्यवान, गंभीर, दयालु व दूरदर्शी तथा राष्ट्रवादी सोच के मालिक थे। उन्होंने कहा कि महाराज सूरजमल ऐसे महान प्रतापी और पराक्रमी योद्धा थे, जो दोनों हाथों से तलवार चलाते थे। उन्होंने कह कि दशम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों की शहादत इतिहास का ऐसा सुनहरा पन्ना हैए जिसका उदाहरण बिरला ही मिलता है।

### श्रम मंत्री ने जजपा जिलाध्यक्ष जोगेंद्र बागनवाला के निवास पर सुनी जनसमस्या

# सरकार गरीब के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : अनूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

प्रदेश के श्रम राज्य मंत्री अनूप धानक ने कहा कि सरकार गरीब वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्घ है। सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं लागू कर ही है। पंजीकृत श्रमिकों को उनकी योजनाओं के प्रति जागरूक होना जरूरी है। श्रम मंत्री अनूप धानक गांव बजीणा में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद कस्बा तोशाम में जजपा जिलाध्यक्ष जोगेंद्र बागनवाला के निवास पर लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विकास कार्य करवाने के साथ.साथ अनुसूचित जाति वर्ग विशेष के लिए पूरा ध्यान दे रही है। योजनाओं को पारदर्शिता के साथ लागू किया जा रहा है, इसके लिए आइन सिस्टम का अपनाया है। पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए योजनाओं को परिवार पहचान पत्र के साथ जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से देश व प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का दौर शुरु हुआ। जिसके परिणाम स्वरूप इससे लोगों को घर बैठे जनहित कारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। श्रम मंत्री ने कहा कि लोगों को उनके घर द्वार पर सरकार की योजनाओं का फायदा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पंजीकृत श्रमिकों के कल्याण के लिए भी अनेक योजनाएं चलाई हैं। श्रमिकों के बच्चों की पढ़ाई के लिए भी सरकार प्रोत्साहित कर रही है। सरकार द्वारा श्रमिकों की लड़कियों के विवाह में शगुन राशि प्रदान की जाती है। गरीब लोगों को मकान मरम्मत के लिए अनुदान राशि दी जाती है। इसी प्रकार से श्रमिकों को अपना पंजीकरण जरूर करवाना चाहिए ताकि वे सरकार की योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि श्रमिकों व आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाएगा, इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्त्ताओं का सम्मान उनके लिए सबसे पहले है।

इससे पहले श्रम मंत्री ने गांव बजीणा में विक्रम दुग्गल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। श्रम मंत्री धानक समाज की धर्मशाला के लिए नवीनीकण के लिए अधिकारियों को एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। श्रम मंत्री का पगड़ी पहनाकर व फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर हलका अध्यक्ष राजेश भारद्वाज, रविंद्र पटौदी, कृष्ण बजीणा, ऋषिपाल फौगाट, कृष्ण वर्मा, सोमवीर ढाणी माहू, जितेंद्र शर्मा, शंकर आहूजा,मदन वर्मा, उमेद भेरा सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।



**तोशाम।** तोशाम में श्रम राज्य मंत्री अनूप धानक का स्वागत करते हुए।

देखते ही देखते वर्ष 2023 भी हमसे विदा ले रहा है। साल के इस आखिरी समय में अधिकतर लोग मन ही मन इसी उधेड़बुन में लगे हैं कि हमने क्या खोया और क्या पाया? इस तरह सोचने से कोई फायदा नहीं, जो बीत गई, सो बात गई। अब नूतन वर्ष के सूर्योदय की ओर देखें, नई आशाओं और उमंगों के साथ ऐसी जीवनशैली अपनाएं, जो खुशहाल जिंदगी दे।



# जो बीत गई सो बात गई

कवर स्टोरी / विनीता

सही कहा गया है कि बीता हुआ समय और जुबान से निकले शब्द कभी भी लौट कर वापस नहीं आते। इस साल को समाप्त होने में भी अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। ऐसे समय में अधिकतर लोग यह सोच कर दुखी हो जाएंगे, 'यह साल भी यूं ही बीत गया, इन बारह महीनों में हमें ना तो कोई विशेष कामयाबी हासिल हुई और ना ही जीवन में कुछ ऐसा नया घटित हुआ, जिसे याद करके खुशी महसूस हो।' साथ ही लोगों को ऐसी बातें भी याद आएंगी, जिनकी वजह से इस साल उनका मन आहत-दुखी हुआ हो। कई बार उसे अपनी किसी गलती पर बहुत पश्चात्ताप भी महसूस होगा कि उसे ऐसा नहीं करना चाहिए था या उसे यह नहीं बोलना चाहिए था। ऐसी नकारात्मक बातें साल के अंत में व्यक्ति को बहुत बेचैन-परेशान करती हैं। ऐसे में कवि हरिवंश राय बच्चन की कविता की यह पंक्ति 'जो बीत गई सो बात गई' को याद रखते हुए वर्तमान यानी नए साल में अपने जीवन को संवार-निखार कर, उसे पहले की तुलना में अधिक सुंदर और सार्थक बनाने के प्रयास में जुट जाएं।

## सही ढंग से करें टाइम मैनेजमेंट

सर्वप्रथम इस बात को समझें कि जीवन का हर पल बहुत कीमती है, हम उसकी कीमत पहचानें और बिना वक्त बर्बाद किए अपने हर क्षण का सदुपयोग करें। अपनी दिनचर्या को इस ढंग से व्यवस्थित करें कि हमारे सभी कार्य सही समय पर पूरे हों, साथ ही हमें आराम करने के लिए भी समय मिले, क्योंकि स्वस्थ और प्रसन्न रहने के लिए थोड़ा आराम भी जरूरी है। रात को सही समय पर सोने और सुबह जल्दी जागने का हम संकल्प लें। मोबाइल का सीमित उपयोग करें, क्योंकि सोशल मीडिया पर अधिक सक्रियता समय की बर्बादी का बहुत बड़ा कारण है। रोजाना सुबह उठकर हम आवश्यक कार्यों की एक सूची बनाएं और रात को सोने से पहले एक बार उसे अवश्य चेक कर लें कि उनमें से कौन-से काम पूरे हो गए, किसी वजह से अगर कोई काम अधूरा रह गया हो, तो उसे अगले दिन जरूर पूरा कर लें। जहां तक संभव हो हम आज के काम को कल पर टालने की आदत छोड़ दें।

## माफ करें, भूल जाएं

बीते समय की कटु स्मृतियां दुखों की सबसे बड़ी वजह हैं। इसलिए अगर किसी की बातों से आपका मन आहत हुआ हो, तो बार-बार उन्हीं



बातों को याद करके उदास होने से बेहतर है कि आप उन बातों को भूल जाएं। जिस व्यक्ति के व्यवहार से आप दुखी हैं, उसके प्रति अपने मन में लंबे समय तक नाराजगी ना रखें, बल्कि थोड़ी उदारता दिखते हुए उसे माफ कर दें। यकीन मानिए, इससे आपके मन को बहुत सुकून मिलेगा। इसी बात का दूसरा पहलू यह भी है कि अगर कभी जाने-अनजाने में आपके किसी व्यवहार से दूसरों की भावनाएं आहत हुई हों, तो ऐसी बातों को भी अपने मन में ना रखें, क्योंकि ग्लानि की वजह से आपको अकसर उदासी महसूस होगी। ऐसी मनोदशा से बाहर निकलने के लिए जितनी जल्दी हो सके आप उस व्यक्ति से माफी मांग लें। इससे आप तनावमुक्त हो जाएंगी। मशहूर शायर मिर्जा गालिब ने सही कहा है, *'कुछ इस तरह मैंने जिंदगी को आसान कर लिया, किसी से माफी मांग ली, किसी को माफ कर दिया।'*



## वर्तमान में जिएं

जो समय बीत गया, वह लौटकर कभी वापस नहीं आता, इसलिए उसके बारे में सोचकर पछताना छोड़ दें। भविष्य के लिए योजनाएं जरूर बनाएं, लेकिन यह भी जाने लें कि आने वाला समय भी हमेशा अनिश्चित होता है, उसके बारे में कोई कुछ भी बता नहीं सकता, इसलिए वर्तमान की अहमियत को समझते हुए सामने जो भी कार्य हो, उसे पूरा करने की कोशिश करें। अगर आप योजनाबद्ध ढंग से वर्तमान को संवारने की कोशिश में जुटी रहेंगी, तो स्वाभाविक रूप से आपका भविष्य अपने आप बेहतर हो जाएगा, क्योंकि आज की मेहनत का परिणाम कुछ समय के बाद ही नजर आता है।

...तो फिर क्यों ना जो कुछ भी दुखद था, इस साल के अंत में आप उसे भुलाकर केवल मधुर स्मृतियों को संजोने का संकल्प लें, निश्चित ही नववर्ष आपके लिए मंगलमय होगा।

## मजबूत हो इच्छाशक्ति

**हो सकता** है, किसी असफलता की वजह से आप उदासी-हताशा महसूस कर रही हों, लेकिन हिम्मत ना हारें, बल्कि दृढ़ निश्चय के साथ जुटी रहें और खुद से यह वादा करें, 'मुझे हर हाल में खुश रहना है।' अगर आपके साथ कुछ बुरा हुआ हो तो उसे भूल कर बेहतरी की दिशा में अगला कदम बढ़ाएं। हमेशा याद रखें कि अच्छा सोचने का परिणाम हमेशा अच्छा ही होता है। इसलिए जीवन के प्रति हमेशा सकारात्मक नजरिया अपनाएं। 'मेरा यह कार्य जरूर पूरा होगा', अगर आप अपने मन में ऐसे आशावादी विचार रखेंगी तो आपको हर हाल में सफलता मिलेगी।



हम अनजाने में ही कुछ ऐसी आदतें बना लेते हैं, जो हमें तनाव देती हैं, हमारे आगे बढ़ने के रास्ते में बाधक बनती हैं। बीत रहे साल में हम इन बुरी आदतों को विदाई दें, ऐसी आदतें अपनाएं जो हमें हर तनाव से मुक्त रखें।

# बीत रहे साल में पुरानी आदतों को दें विदाई

लाइफस्टाइल / शिखर चंद जैन

हम बढ़ती उम्र के साथ अनुभवी, समझदार और परिपक्व होते जाते हैं। जाने-अनजाने हम कई गलतियां भी करते हैं या ऐसी आदतें बना लेते हैं, जिनके परिणाम नुकसानदेह होते हैं, जो हमें बाद में समझ में आते हैं। जाहिर है, इन गलतियों को ना दोहराने और बुरी आदतों को छोड़ देने में ही हमारी भलाई है। आइए, विदा ले रहे साल में हम अपनी बुरी और गलत आदतों की भी विदा कर दें। ये आदते हैं-

**दूसरों से अपनी तुलना:** कुछ लोगों में दूसरों से अपनी तुलना करने और फिर खुद को कमतर आंकते हुए दुखी रहने की आदत हो जाती है। इस आदत से नुकसान ही होता है, क्योंकि इससे आप आत्महीनता का शिकार हो जाती हैं, हताशा-निराशा की ओर बढ़ती हैं। नतीजा यह होता है, आपकी काम करने की इच्छा, ऊर्जा-शक्ति कम होने लगती है। इसलिए नए साल में आप अपने व्यक्तित्व में नया निखार लाएं, अपनी मेहनत पर भरोसा करें। इससे आपके आगे बढ़ने के रास्ते प्रशस्त होंगे।

**दूसरों से राय लेना:** जब आप किसी भी काम को करने से पहले सशंकित रहती हैं। छोटे-छोटे कामों के लिए भी दूसरों की राय पर निर्भर रहती हैं तो समझ लीजिए कि आप अपनी प्रगति की राह में खुद ही रोड़े अटका रही हैं। आपको अपनी निर्णय लेने की शक्ति और अपने विचारों पर भरोसा होना चाहिए। जब तक कोई बहुत उलझा हुआ या बड़ा मामला ना हो, आप बेवजह लोगों की राय लेने से बचें। जब आप स्वयं अपने निर्णय लेंगी तो आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**सबके काम का बोझ लेना :** हमसे से कुछ लोगों को दूसरों के सामने अच्छा बनने या सबका दिल जीत लेने की आदत होती है, यह आदत आपके दिलो-दिमाग पर भारी पड़ सकती है। वाहवाही पाने के लिए दूसरे के कामों को अपने सिर पर लेना कोई समझदारी की बात नहीं है। इससे आप पर मेंटल, फिजिकल प्रेशर बढ़ता है, आपकी वर्क एफिशिएंसी कम होती है। जब तक कोई बहुत अजीज ना हो, किसी बड़ी परेशानी में ना हो, तब तक उसका काम ना लें। अनावश्यक रूप से अपने कामों का बोझ ना बढ़ाएं।

**टॉक्सिक संबंधों को वक्त देना :** कुछ रिश्तेदार, परिचित या पड़ोसी आपको हमेशा मानसिक कष्ट देते हैं। आप शिष्टता के नाते या लोकलाज से कई बार इन रिश्तों को ढोती रहती हैं, लेकिन नए साल में ऐसा हरगिज ना करें। ऐसे रिश्ते आपकी ऊर्जा, समय, कार्यक्षमता और सुकून को नष्ट करते हैं, साथ ही मन में नकारात्मकता का भाव भरते हैं। ऐसे रिश्तों से दूरी बना लें और चैन से रहें। आप ऐसे लोगों से जुड़ें, जिनका साथ आपको मानसिक शांति, प्रेरणा और उत्साह दे और सकारात्मक भावों का संचार करे।

**अपनी जरूरत को नजरअंदाज करना:** घरेलू महिलाएं अकसर अपने सास-ससुर, पति और बच्चों के कामों में, वर्किंग वुमेन भी घर और वर्कप्लेस की दोहरी जिम्मेदारी के चलते अपनी सेहत, साज-श्रृंगार और शौक को भुला देती हैं। यह ना भूलें कि जब आपका तन-मन प्रसन्न और दुरुस्त नहीं रहेगा तो आप अपने परिजनों की सही ढंग से कैसे देख-भाल कर पाएंगी? इसलिए नए साल में अपना यह रेजोल्यूशन जरूर रखिए कि दूसरों की देख-भाल के साथ अपना भी ध्यान रखेंगी।



### ये आदतें भी छोड़ दें

- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगे रहना और अपनी वास्तविक जरूरत को समुचित समय ना देना।
- परफेक्शन के चक्कर में वक्त की बर्बादी और अपने जरूरी कामों को अधूरा छोड़ना या टालना।
- दिन-रात सिर्फ सोचते रहना, नित नई प्लानिंग बनाना लेकिन वास्तविकता के धरातल पर कुछ ना करना।

# विपरीत परिस्थितियों से लें जीवन के सबक

सलाह / मनीषा

साल के अंत में अधिकांश लोग जो अच्छा हुआ है, उसे कम ही याद करते हैं, लेकिन जो भी विषम परिस्थितियों के चलते बुरा हुआ है, उसे लेकर उदास-दुखी रहते हैं। यह दुख आगे लंबा खिंचे, नए साल में भी दिलो-दिमाग में बैठा रहे तो यह अपने हित में नहीं है। इससे जल्द से जल्द उबरना जरूरी है। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखते हुए, नई सोच के साथ अपना जीवन जीना होगा।

**भुला दें दुखद-कटु स्मृतियां:** सभी के जीवन में उतार-चढ़ाव आते हैं। जीवन में बारी-बारी से सुख और दुख का आना-जाना लगा रहता है। अगर आप आने वाले नए साल में भी खुश रहना चाहती हैं तो दुखद- कटु स्मृतियों को भूलकर केवल अच्छी-प्यारी बातों को ही याद रखें और सकारात्मक सोच के साथ आगे की ओर कदम बढ़ाएं। इससे जीवन में खुशहाली आएगी।

**समय है सबसे बड़ा सबक :** बुरा समय भी हमें बहुत कुछ सिखा जाता है। सही मायने में समय हमें एक शिक्षक की तरह



जीवन के जरूरी सबक सिखाता रहता है। इसलिए जब भी अपनी किसी कमी या गलती से बुरा हुआ है, इस गलती और कमी को जानें-समझें और इससे सबक लें। आगे इस गलती को कभी दोहराएं नहीं।

**जीवन के प्रति आशावादी सोच अपनाएं :** कई बार हमारे सामने कुछ ऐसी परिस्थितियां भी होती हैं, जिन पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं होता। मसलन कोई आकस्मिक दुर्घटना, आर्थिक नुकसान और प्रियजनों का निधन। इससे होने वाले नुकसान की भरपाई बहुत मुश्किल होती है। ऐसे में आपको यही सोचना चाहिए कि ऐसे हालात के लिए आप कहीं से भी जिम्मेदार नहीं हैं, इसलिए 'मेरे ही साथ ऐसा क्यों हुआ?' यह सोचकर उदास-निराश ना हों, ना ही अपने मन में कोई ग्लानि लाएं। इस तरह के दुखों से उबरने में थोड़ा समय जरूर लगता है, लेकिन एक समय बाद उदासी भरे दिन बीत ही जाते हैं। इसलिए दुखद बातों को याद करके उदास होने के बजाय अपने भविष्य के बारे में अच्छा सोचें, अपनी समस्या के बारे में अनुभवी लोगों से सलाह लें, साथ ही समस्या के समाधान के बारे में तार्किक ढंग से सोचकर उसका हल खोजने की कोशिश करें। कोई रास्ता जरूर निकल ही आएगा। हमेशा खुश रहें और जीवन के प्रति आशावादी सोच अपनाएं, यह सोच रखेंगी तो आने वाला नया साल निश्चित रूप से आपके लिए मंगलमय होगा।

# न्यू ईयर ईव पार्टी ऐसे बनाएं यादगार

सजेशन / ललिता गोयल

आने वाले न्यू ईयर वेलकम को सेलिब्रेट करने के लिए आप जरूर किसी पार्टी में जाएंगी या फिर अपने ही घर में पार्टी ऑर्गनाइज करेंगी। ऐसे में आपको कुछ बातों का जरूर ख्याल रखना चाहिए। इससे आपकी पार्टी तो शानदार होगी ही सब इसे खूब एंज्वॉय भी करेंगे।

साल 2023 को विदा होने में अब कुछ ही दिन रह गए हैं। इन दिनों आप भी नए साल के स्वागत की तैयारियों में जुटी होंगी। न्यू ईयर ईव पार्टी को स्पेशल बनाने के लिए अगर आप अपने परिवार और दोस्तों के साथ घर से बाहर पार्टी ऑर्गेनाइज कर रही हैं या किसी दोस्त की ऑर्गेनाइज पार्टी का हिस्सा बनने जा रही हैं, तो आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। इससे आपका न्यू ईयर पार्टी सेलिब्रेशन यादगार बन जाएगा।

## वेन्यू की हो जानकारी

पार्टी में जाने से पहले पार्टी वेन्यू की लोकेशन अच्छी तरह पता कर लें, जिससे बिना परेशान हुए आसानी से आप समय पर वहां पहुंच सकें और पार्टी एंज्वॉय कर सकें।

## ड्रेसअप का रखें ख्याल

पार्टी में जाने से पहले होस्ट यानी मेजबान से यह जान लें कि पार्टी का वेन्यू कैसा होगा, यानी पार्टी ओपन एरिया में होगी या किसी हॉल में, उसी के अनुसार आप अपने पार्टी आउटफिट का सेलेक्शन करें। क्योंकि स्टाइलिंग और फैशनेबल दिखने की चाहत में कुछ महिलाएं ऐसी ड्रेस पहन लेती हैं,




जिसमें ठंड लग सकती है। ठंड लगने से पार्टी को आप एंज्वॉय भी नहीं कर सकेंगी। अगर पार्टी का कोई ड्रेस कोड है, तो उसके अनुसार अपनी ड्रेस चूज करें।

## सभी से घुलें-मिलें

पार्टी में सबसे अलग या अकेले ना रहें, खुद आगे बढ़कर सबके साथ घुलें-मिलें। ऐसा



शो ना करें कि आप पार्टी को एंज्वॉय नहीं कर रही हैं या पार्टी अरेंजमेंट से आप संतुष्ट नहीं हैं। इससे पार्टी होस्ट या अन्य फ्रेंड्स को अच्छा फील नहीं होगा। पार्टी में गेम्स, डांस, म्यूजिक और अन्य एक्टिविटीज में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और पार्टी को पूरी तरह से एंज्वॉय करें।

## डाइट का रखें ख्याल

न्यू ईयर पार्टी में अपने खान-पान का भी खास ध्यान रखें और अनहेल्दी फूड्स को कम से कम खाएं। अपनी सेहत को ध्यान में रखते हुए खाने का चुनाव करें। साथ ही ओवर ईटिंग करने से भी बचें।

## रूल्स फॉलो करें

नए साल मनाने की एक्साइटमेंट में कुछ लोग कानून और नियमों को भूल जाते हैं। आप ऐसा बिल्कुल ना करें। न्यू ईयर पार्टी के दौरान सड़क पर शोर ना मचाएं, लेट नाइट ड्राइव करते समय यातायात नियमों और कानून का उल्लंघन करने से बचें।

# बुलंद हौसले से कायम की मिसाल

आधी आबादी-2023 / नौशाबा परवीन

तमाम विपरीत स्थितियों के बावजूद कई महिलाओं ने अपने बुलंद हौसलों के बल पर अलग-अलग क्षेत्रों में इस वर्ष शानदार मुकाम पाकर नई मिसाल हासिल की। ऐसी ही कुछ महिलाओं पर एक नजर।


निर्मला सीतारमण


लीना नायर


निगार शाजी


नेहा नर्खेड़े

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) ने 4 दिसंबर 2023 को जो अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी की, उससे मालूम होता है कि 2021 की तुलना में 2022 में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इतनी प्रतिकूल परिस्थितियों और बंदिशों के बावजूद महिलाओं ने 2023 में भी कई क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां हासिल कीं, जिन पर ना केवल आधी आबादी को, पूरे समाज को गर्व है।

**स्पोर्ट्स फील्ड :** मेरठ में इकलौता गांव की पारुल चौधरी और बहादुरपुर गांव की अन्नू रानी ने जब स्पोर्ट्स में करियर बनाना तय किया था तो उन्हें अपने रिश्तेदारों और अन्य ग्रामीणों से जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा था। लेकिन जब चीन में आयोजित हुए एशियन गेम्स में पारुल ने स्वर्ण, रजत पदक और अन्नू रानी ने स्वर्ण पदक जीते तो उनका विरोध करने वाले ग्रामीण ही उनकी सफलता का जश्न मनाने लगे। उनकी तरह ही इस साल कई रिकॉर्ड तोड़ने और विजय पताका लहराने के बाद हांग्जो एशियन गेम्स में आर्चरी प्लेयर ज्योति वेंनम ने भी कमाल कर दिया। उन्होंने स्वर्ण पदकों की हैट-ट्रिक लगाई।

**साइंस-टेक्नोलॉजी :** इस साल भारत ने सफलतापूर्वक आदित्य-एल1 (सूर्य का अध्ययन करने हेतु देश का पहला ऑब्जर्वेटरी मिशन) स्पेस में भेजा। इस प्रोजेक्ट की निदेशक एक महिला वैज्ञानिक निगार शाजी थीं।

**बिजनेस :** बिजनेस के क्षेत्र में भी अब महिलाएं आगे बढ़ रही हैं, नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं। पुणे में जन्मी 38 वर्षीय नेहा नर्खेड़े इस वर्ष सबसे कम आयु की सेल्फ-मेड महिला उद्यमी के तौर पर आईआईएफएल वेल्थ हुरून इंडिया रिच लिस्ट में शामिल हुईं।

**सोशल वर्क:** इस साल महिलाएं समाज सेवा में भी पीछे नहीं रही हैं। मसलन, नीति गोयल रेस्तरां श्रृंखला की मालिक तो हैं ही, साथ ही वे विख्यात समाज सेवी भी हैं, जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने 32 अनाथालयों और 800 सेक्स वर्कर्स को गोद लिया हुआ है। रायगढ़ में गरीबों के लिए 1,000 घरों का निर्माण कराया है। महामारी के दौरान उन्होंने सोनू सूद के घर भेजो अभियान के जरिए 1.5 लाख अप्रवासी मजदूरों को वापस घर भेजा और 80 लाख पैकेट मुफ्त भोजन के वितरित किए थे।

**सोशल मीडिया-ग्लैमर वर्ल्ड :** एक्टर और मॉडल 28 वर्षीय पायल जैन 2023 में भारत की टॉप महिला यू-ट्यूबर बनीं। उनके यू-ट्यूब चैनल पर 2.57 मिलियन सब्सक्राइबर हैं। इस साल के पहले नौ माह के दौरान 'नेशनल क्रश' का टैग रश्मिका मंदाना को मिला हुआ था, लेकिन जैसे ही फिल्म 'एनिमल' रिलीज हुई तो 'नेशनल क्रश' तृप्ति दिमरी हो गईं। उनके इंस्टाग्राम फोलोवर्स की संख्या 0.66 मिलियन से बढ़कर 2.6 मिलियन हो गई।

इस तरह देखा जाए तो बीत रहे साल में भारतीय महिलाओं ने अनेक क्षेत्रों में शानदार उपलब्धियां हासिल कीं, जो आधी आबादी को प्रेरणा देने वाली हैं।

### टॉप 10 पावरफुल इंडियन वूमेन

**फुटियून इंडिया** के अनुसार 2023 में भारत की दस सबसे पॉवरफुल महिलाएं

1. निर्मला सीतारमण, भारत की फाइनेंस मिनिस्टर
2. नीता अंबानी, चेयरपर्सन रिलायंस फाउंडेशन
3. लीना नायर, फ्रेंच लक्जरी ग्रुप चैनल की पहली भारतीय मूल की सीईओ
4. फाल्गुनी नायर, सीईओ, नयका
5. गीता गोपीनाथ, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, आईएमएफ
6. माधबी पुरी बुच, सेबी की पहली महिला चेयरपर्सन
7. कली पुरी, वाइस-चेयरपर्सन, इंडिया टुडे ग्रुप
8. शोबना कमिनेनी, एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, अपोलो हॉस्पिटल्स
9. अंशुला कांत, एमडी, वर्ल्ड बैंक ग्रुप
10. अपर्णा बावा, सीओओ एंड इंटरिम चीफ लीगल ऑफिसर, जूम वीडियो कम्युनिकेशंस

## क्रिसमस-डे पर जिलेभर की चर्चों में हुए कार्यक्रम

# चर्च पहुंचकर प्रभु यीशु के जीवन से प्रेरणा लेने का लिया संकल्प

ईशा मसीह के प्रेम करने,निस्वार्थ भाव से सेवा करने, बलिदान की शिक्षाएं दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते एक वक्ता। फोटो : हरिभूमि

लगभग अढ़ाई हजार वर्ष पहले माता मैरी ने भगवान यीशु मसीह को येरूस्लम में जन्म दिया था। जिन्होंने पूरे विश्व में प्रेम, सच्चाई, बलिदान व सेवा करने की शिक्षाएं अपने जीवनकाल में फैलाई।

जिसके चलते उन्हे 25 दिसंबर को उनके जन्मदिवस को पूरा विश्व क्रसमस दिवस या बड़े दिन के रूप में मनाता है। इसी कड़ी में सोमवार को भिवानी के बैपटिस्ट चर्च में क्रसमस दिवस के अवसर पर ईशा मसीह की याद में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया तथा श्रद्धालुओं को मिठाईयां बांटी गई। श्रद्धालुओं ने चर्च में ईशा मसीह को याद करते हुए मोमबत्तियां जलाई तथा उनकी शिक्षा पर चलने की प्रेरणा ली। इस मौके पर नागरिक उषा रजनी, अनिता व आयषा ने बताया कि भगवान यीशु मसीह के अपने जीवन काल में प्रेम करने, निस्वार्थ भाव से सेवा करने, बलिदान करने की शिक्षाएं पूरे विश्व को दी। उनका संदेश था कि वे पापियों को मारने के लिए नहीं बल्कि बचाने के लिए आएं है। उनके द्वारा किए गए मानवता व विश्व कल्याण के कार्यों के कारण 25 दिसम्बर को विश्व भर में उनके जन्मदिवस को क्रिसमस दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनहेंने बताया कि क्रिसमस त्यौहार की तैयारी के लिए उन्होंने पिछले एक सप्ताह से तैयारियां शुरू कर दी थी। उन्होंने अपने घर को डैकोरेट किया तथा क्रिसमस ट्री बनाया। 24 दिसंबर की रात से ही उन्होंने क्त्रिसमिस दिवस का उत्सव मनाना शुरू कर दिया। इस अवसर पर क्त्रिसमिस ट्री को सजाने के साथ ही केक काटा गया घर में मीठे पकवान बनाए गए। जिसके बाद उन्होंने सुबह चर्च में पहुंचकर पादरी से भगवान ईशु के जीवन से जुड़े मानवता के कायारे् के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# तुलसी दिवस पर किया पूजन

■ हर घर के आंगन में हो तुलसी का पौधा होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। कार्यक्रम में तुलसी के पौधे का महत्व बताते हुए।

भारतीय संस्कृति में हर घर आँगन में तुलसी लगाने की परम्परा थी। पाश्चात्य अंधानुकरण के कारण जो लोग तुलसी की महिमा को भूल गये, अपनी सस्कृति के पूजनीय वृक्षा, परम्पराओं को भूलते गये और पाश्चात्य परम्पराओं व तौर तरीकों को अपनाते गये, वे लोग चिंता, तनाव, अशांति एवं विभिन्न शारीरिक.मानसिक बीमारियों से ग्रस्त हो गये। यह उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा में तुलसी पूजन दिवस पर तुलसी पूजन किया गया इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। इस दौरान उपस्थित भाई बहनों को कहा कि घर में तुलसी का पौधा अवश्य लगाना चाहिए का पौधा हमेशा सकारात्मक ऊर्जा देता है। ब्रह्माकुमारी बहन ने कहा कि आयुर्वेद के मुताबिक,धरती पर ऐसा कोई भी पौधा नहीं है, जिसकी कोई उपयोगिता न हो् हर पेड़.पौधे में कुछ न कुछ खास गुण जरूर होते हैं। पर इन वनस्पतियों के बीच कुछ की पूजा का विशेष महत्व है। इनमें तुलसी का महत्व सबसे अधिक बताया गया है। तुलसी का पत्ता, फूल, फल, मूल, शाखा, छाल, तना और मिट्टी आदि सभी पवित्र हैं। ऐसा माना जाता है कि जिन घरों तुलसी का पौधा लगाया जाता है, वहां सुख.शांति और समृद्धि आती है।

### आरपीएस में मनाया गया तुलसी पूजन दिवस

**चरखी दादरी।** आरपीएस में तुलसी पूजन दिवस बड़े ही धूमधाम से बनाया गया। हिंदू धर्म में तुलसी को बहुत ही पवित्र वह पूजनीय पौधा माना जाता है। यह सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जहां पर तुलसी का पौधा लगा होता है और हर दिन उसकी पूजा की जाती है वहां पर सदैव भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है। तुलसी पूजन दिवस के उपलक्ष में विद्यार्थियों ने कविता के रूप मेंए गीत के रूप में एवं भाषण के रूप में विद्यार्थियों को मां तुलसी की महत्वता को समझाते हुए अपनी प्रस्तुति दी। तुलसी को हमारी संस्कृति में एक गुणकारी पौधे और एक निरंकारी औषधि के रूप में माना जाता है और इसके साथ जुड़ी हुई अनेक कहानियों को भी बच्चों ने अपने भाषण के द्वारा अभिव्यक्ति प्रदान की।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का शैड्यूल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

■ विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिला के गांवों में चार वैनों द्वारा दी जा रही हैं योजनाओं व सेवाओं की जानकारी

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत चार वैनों द्वारा जिला के सभी गांवों में शैड्यूल के हिसाब से कार्यक्रम आयोजित कर नागरिकों को योजनाओं व सेवाओं की जानकारी दी जा रही हैं। 25 से 04 जनवरी तक चार वैनों का शैड्यूल जारी किया गया है। ज्यादातर कार्यक्रम गांव के राजकीय विद्यालय में आयोजित होंगे। भारत संकल्प यात्रा अभियान की जिला नोडल अधिकारी एवं एडीसी अनुपमा अंजलि ने ये जानकारी देते हुए बताया कि खंड बवानी खेड़ा व सिवानी में वैन नंबर एक द्वारा 26 दिसंबर को सुबह 10 बजे गांव दुर्जनपुर में तथा दो बजे गांव किरावड़ में और 27 को सुबह दस बजे गांव भुरटाना में तथा दोपहर दो बजे गांव रोहनात मेंए 28 को सुबह दस बजे गांव पपोसा में तथा दोपहर दो बजे गांव औरंगनगर में, 29 को सुबह 10 बजे गांव धनाना के पीएचसी में तथा दोपहर दो बजे गांव सूमराखेड़ा के राजकीय स्कूल में, 30 को सुबह 10 बजे गांव घंघाला में व दोपहर दो बजे गांव ढाणी बल्हारा राजकीय मिडल स्कूल में, एक जनवरी को सुबह 10 बजे ढाणी धीरजा में तथा दो बजे गांव खेड़ा में, दो जनवरी को सुबह 10 बजे गांव धूलकोट तथा दो बजे गांव रुपाणा में, तीन जनवरी को सुबह 10 बजे ढाणी मिठ्ठी तथा दो बजे ढ़ाणी रामजस में तथा चार जनवरी को सुबह 10 बजे गांव किकराल व दो बजे गांव देवसर में कार्यक्रम होगा।

# सेंट जेवियर्स ने क्रिसमस के अवसर पर वितरित किए वस्त्र



**भिवानी।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल के छात्रों व शिक्षकगणों के द्वारा कृष्ण प्रणामी आश्रम में वस्त्र, जूते, कम्बल व खाद्य पदार्थ की अनेक सामग्री वितरित की। आश्रम में पहुंचने के पश्चात छात्रों को वहां उपस्थित महिलाओं व पुरूषों से मिलवाया और उन्हें सामान दिया। इससे छात्रों को दुसरों की सहायता करने प्ररेणा मिली व एक सकरात्मक सोच रही। इसके अतिरिक्त सेंट जेवियर्स में क्त्रिसमस डे भी हर्ष व उल्लास से मनाया गया। क्त्रिसमस डे भी हर्ष व उल्लास से मनाया गया। क्त्रिसमस डे पर एक स्पेशल असेंबली का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह, स्कूल निर्देशिका कीर्ति चौहान व प्रधानाचार्य मुस्तफा माजिद रहे। छात्रों द्वारा स्पेशल असेंबली में हिमांशी मंच संचालिका रही। सिमरन के द्वारा एक स्पीच दी गई जिसमें भगवान इशा मसीह के जन्म के विषय में बताया गया और हम इस क्त्रिसमस को क्यों मनाते हैं यह संक्षेप में बताया। प्रतिभा व अनामिका के द्वारा एक शब्द व विचार बोला गया। यशमीत ने इशा मसीह के उपलब्ध पर सुंदर पंक्तियों में कविता का गायन किया। इसके पश्चात अध्यापिका आयशा के द्वारा एक मधुर आवाज में संगीत प्रस्तुत किया गया।

## पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह की जयंती पर आयोजन

# महासम्मेलन में उमड़ी किसानों की भीड़

■ उससे कहीं अधिक संख्या महिलाओं की, भीड़ ने सभी नेताओं को बड़ी गौर से सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल

किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चरण सिंह के जन्म दिवस पर गांव सिंघानी में आयोजित अन्नदाता महासम्मेलन में उमड़ी अपार भीड़ ने कार्यक्रम के आयोजक कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल का राजनैतिक कद बढ़ाने का काम किया है। महासम्मेलन में उमड़ी भीड़ जुटाकर कृषि मंत्री ने एक बार फिर से मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश प्रभारी विप्लब देब का विश्वास जीता है। महासम्मेलन की कामयाबी का संदेश न केवल प्रदेश बल्कि केंद्रीय संगठन तक भी पहुंचा है, इससे दलाल का न केवल संगठन में बल्कि हलका के कार्यकर्ताओं में विश्वास बढा है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल गांव सिंघानी में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चरण सिंह के जन्म दिवस पर 24 दिसंबर को गांव सिंघानी में अन्नदाता महासम्मेलन का आयोजन किया था। कृषि मंत्री द्वारा पहले ही महासम्मेलन में भारी संख्या में किसानों के शामिल होने का किया गया था। लेकिनए यह शायद कृषि मंत्री दलाल का एहसास नहीं था कि महासम्मेलन में उमड़ी भीड़ से मैदान भी छोटा पड़ जाएगा। इतना ही नहीं जिनती संख्या पुरुषों की रही,उससे कहीं अधिक संख्या महिलाओं की रही।

### अन्नदाता सम्मेलन में उमड़ी भीड़ ने बढाया कृषि मंत्री जेपी दलाल का राजनीतिक कद

महासम्मेलन में मौजूद भीड़ ने सभी नेताओं को बड़ी गौर से सुना और समय.समय पर अपने इलाके के नेता के समर्थन में नारे लगाकर और हाथ उपर उठाकर अपना समर्थन देती रही है, जिसे देखकर स्वयं मुख्यमंत्री भी प्रसन्न नजर आए। इसी प्रकार से दूसरी ओर बैठक पुरुष भी बार बार मुठठी बंद कर नारे लगाकर कृषि मंत्री को मजबूती देते रहे। भीड़ से दूसरी तरफ बात की जाए तो महासम्मेलन में सर्व समाज से नेताओं ने न केवल कृषि मंत्री के लिए लोगों का समर्थन मांगा बल्कि कृषि मंत्री को बड़ा ही जनहितैषी और अपने नजदीकी मंत्री बताया। प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी और पार्टी प्रदेश प्रभारी विप्लब देब ने खुलकर कृषि मंत्री दलाल की तारीफ की और किसान हित व आमजन जनहितैषी नेता बतायाञ इसी कड़ी में दादा गौतम ने अपना लाडला बताकर कृषि मंत्री दलाल को भारी बहुमत से जीताकर विधानसभा में भेजने का आह्वान किया। ऐसे में माना जा रहा है कि अन्नदाता महासम्मेलन ने कृषि एवं पशुपालन मंत्री को और अधिक मजबूती प्रदान करने का काम किया है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

पाठक पुरस्कार योजना-2023

नाम........................सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी........................
पता........................तहसील ..................पिन..................
जिला .................. फोन नं. .................. एजेंट का नाम ..................

| | | |
|---|---|---|
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन |
| मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन |

**नियम व शर्तें** ● हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना के तहत 01 जून 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक प्रकाशित कुल 24 कूपनों में से कोई 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन) इस प्रपत्र में निर्धारित स्थान पर चिपकाएं (क्रम संख्या अनिवार्य नहीं है)। किसी एक दिनांक के दो कूपन प्रपत्र में नहीं चिपकाएं जा सकते। पूर्ण रुप से भरा हुआ मूल प्रपत्र अपने नजदीकी हरिभूमि कार्यालय में या मुख्य कार्यालय में स्वयं अथवा साधारण डाक द्वारा भिजवायें। ● किसी भी कूपन और प्रपत्र की छाया प्रति स्वीकार नहीं की जाएगी। ● प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2024 होगी। अंतिम तिथि के बाद प्रपत्र स्वीकार्य नहीं होगें। विजेताओं का चयन ड्रॉ द्वारा किया जाएगा। ड्रॉ निकालने की तिथि 15 फरवरी 2024 होगी। विजेताओं की सूची 01 मार्च 2024 के बाद समाचार पत्र में प्रकाशित की जाएगी। ● प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय से पुरस्कार प्राप्त करना होगा। अन्य सभी विजेता हरिभूमि के उनके नजदीकी कार्यालय से पुरस्कार प्राप्त कर सकेंगे। ● सभी विजेताओं को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अपने फोटो पहचान पत्र की फोटोप्रति हरिभूमि कार्यालय में जमा करानी होगी। अपने साथ पहचान पत्र की मूल प्रति लाना न भूलें। ● किसी भी वास्तविक पुरस्कार की बनावट एवं संख्या विज्ञान में दिखाए गए चित्र व संख्या से भिन्न हो सकती है। उत्पाद गारंटी निर्माता कपंनी की शर्त अनुसार होगी। ● राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। पाठक पुरस्कार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ● हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रोहतक होगा। ● हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

हरिभूमि कार्यालय - शॉप नं. 47. इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
मो. 01664-252933, 8295157800, 8814999151, 9253681005, 925368019-20

## खबर संक्षेप

### सत्संग मानसिक तनाव से मुक्ति देता : बृजमोहन

**भिवानी।** आज गांव गुजरानी की पंजाबियों की धर्मशाला में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारम्भ कथाव्यास बृजमोहन कौशिक द्वारा किया गया। सानिध्य अंतर्राष्ट्रीय कारोबारी महंत बाबा शोभा गिरी जी श्री पंचदश नाम जूनागढ़ अखाड़ा का रहा। क्लश यात्रा प्रातः 11 बजे सरपंच गुजरानी की देखरेख में पंजाबियों की धर्मशाला से चलकर ब्राह्मणों वाले चौक, शिव मंदिर से होते हुए वापिस कथास्थल पर पहुंची।

### खुशियों की दीवार कार्यक्रम का शुभारंभ

**लोहारू।** एसबीआई के मुख्य प्रबंधक नीरज शर्मा और लेखा अधिकारी जितेंद्र श्योराण ने कहा कि प्रयास एक कोशिश सामाजिक संगठन द्वारा प्रतिवर्ष सजाई जा रही खुशियों की दीवार जरूरतमंद लोगों के लिए खुशियों के खजाने से कम नहीं है। यह अच्छी पहल है और अच्छे कार्य में प्रत्येक गणमान्य व्यक्ति की भागीदारी होनी चाहिए। वे सोमवार को लोहारू अनाजमंडी परिसर में संगठन के खुशियों की दीवार कार्यक्रम का शुभारंभ कर रहे थे।

### विद्यार्थियों को बांटी स्कूल ड्रेस व स्वेटर

**लोहारू।** खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रभा ने शनिवार को समाज सेवी रमेश कौशिक के सहयोग व अंच्चा देवी मेमोरियल ट्रस्ट के माध्यम से शहर के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक स्कूल स्थित एसटीसी के विद्यार्थियों को स्कूल ड्रेस व स्वेटर वितरित की। रमेश कौशिक ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि उन्हें एसटीसी के विद्यार्थियों का सहयोग करने का मौका मिला।

### फरटिया केहर में पहुंची संकल्प यात्रा

**लोहारू।** जिला परिषद की वाइस चेयरपर्सन सुनीता जांगड़ा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार की प्रमुख योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई हैए ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच सके। सुनीता जांगड़ा गांव फरटिया केहर व बड़दु चैना में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित कर रही थी। विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टालों का अवलोकन करते हुए उन्होंने लाभार्थियों से योजनाओं के बारे में प्रतिक्रिया ली।

# विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के लिए विद्यालय में आयोजन का होना जरुरी :आशा पाहुजा

### फन फेयर में बच्चों ने खूब की मौज-मस्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी पब्लिक स्कूल में हर वर्ष की तर्ज पर इस वर्ष भी फन फेयर फिएस्टा 2.0 का आयोजन किया गया। कार्यकम की शुरुआत दीप प्रज्जवलित कर स्कूल की निर्देशिका आशा पाहुजा, सीए ऋषि भारद्वाज, एनएस यादव, डॉ. प्रमिला सिहाग ,एडवोकेट अविनाश सरदाना व स्कूल सचिव पुलकित पाहुजा ने की।

स्कूल विद्यार्थियों और उनके अभिभावको ने इस अवसर का भरपूर आनंद लेते हुए अनेक प्रकार के खेलों से अपना मनोरंजन किया। विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए सेल्फी पॉइंट्स, गुड सावरी, तीरंदाजी, घुड़सवारी, मिकी माउस, और टैटू आर्ट, जंपिंग जैक साथ में अन्य तरह-तरह खेल पावर प्ले विद पेपर, ऐस प्लेस, गोल विथ बॉल, अल्फाबेट्स हंट, हिट ता टारगेट,मैजिक मार्बल्स, हूपला स्नाइपर, हंगरी मॉन्स्टर, बैलेंस चैलेंज, एक्सीडेंटल जीनियस,आईएम महाराणा प्रताप, हॉप स्कॉच का आनंद लिया । इस अवसर पर स्कूल की निर्देशिका आशा पाहुजा ने बताया की फन फेयर छात्रों को विभिन्न प्रकार की दिलचस्प गतिविधियों में भाग लेने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए सही मंच प्रदान करता है।

### लकी ड्रॉ में आए विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत



भिवानी। प्रतिभा को सम्मानित करते हुए।

अकेली पढ़ाई इन दिनों छात्रों के लिए पर्याप्त नहीं हैं। इस अवसर पर स्कूल सचिव पुलकित पाहुजा ने बताया फन फेयर छात्रों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में शामिल करने, स्कूल की प्रतिष्ठा बनाने और स्कूल में माता.पिता के विश्वास को स्थापित करने का एक अच्छा अवसर है। छात्रों की भागीदारी का अत्यधिक महत्व है। शिक्षक विभिन्न वर्गों के छात्रों को कार्यक्रम के आयोजन में उनकी मदद लेने के लिए हाथ उठाते हैं। स्कूल द्वारा दी गई लकी टिकट का अंत में लकी ड्रॉ निकाला गया। जिसने पहले स्थान पर आये विद्यार्थी को वीआईपी सूटकेस, दूसरे को मिक्सी, तीसरे को बलैंकेट और 18 अन्य लकी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर भिवानी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल जोगिंदर भारद्वाज स्कूल में आये सभी गणमान्य व्यक्तियों का प्रोग्राम में आने पर उनका अभिनंदन किया। फ़न फेयर में डॉ. करण पुनिया, डॉ. वंदना पुनिया, डॉ. वीके चुघ, डॉ. कमला भारद्वाज, डॉ. अमन राहर, डॉ. स्वाति राहर, डीआरपी भिवानी पब्लिक स्कूल की मुख्याधिपिका श्वेता महेश्वरी, स्टेपिंग स्टोन की मुख्याधिपिका शालू भाटिया के साथ स्कूल स्टाफ , विद्यार्थी और अभिभावक रहे।

### हमें अपनी परंपराओं और संस्कृति से जुड़कर काम करना चाहिएः शिलकराम

**भिवानी।** तुलसी पूजन दिवस पर कीर्ति नगर स्थित स्वतंत्रता सेनानी पंडित नेकीराम पार्क में तुलसी पूजन किया गया। कीर्ति नगर से अनेक प्रबुद्धगण इकट्ठे हुए और सभी ने पार्क में सामूहिक तुलसी का पूजन किया। मुख्य वक्ता के रूप में हरियाणा सरकार से राज्य शिक्षक पुरस्कार अवॉर्डी शिल्कराम शर्मा रहे। कार्यक्रम की संयोजक सामाजिक कार्यकर्ता सोनिया कौशिक रही। इस अवसर पर सूरजभान शर्मा, राममेंहर , शिव शंकर, राम अवतार शर्मा, राजेश शर्मा ,तुषार शर्मा ,सुशीला देवी, रीना देवी, सीता देवी, बबिता, सविता, बेबी , रानी,समाजसेवी अशोक भारद्वाज सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षाविद शिल्कराम शर्मा ने कहा कि हमें अपनी परंपराओं और संस्कृति से जुड़कर काम करना चाहिए।

## मुख्यमंत्री ने भी प्रदेशवासियों को अपना संदेश दिया

# पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ देना ही सुशासन

### कृषि मंत्री जेपी दलाल ने प्रशासन की तरफ से जिला स्तर पर तीन अधिकारियों व कर्मचारियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि गरीब और जरूरतंद व्यक्ति को पारदर्शिता के साथ घर बैठे ही योजनाओं का मिलना ही सुशासन है, जो प्रदेश सरकार लोगों को दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार परिवार पहचान पत्र के आधार पर लोगों को योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ दे रही है। कृषि मंत्री दलाल सुशासन दिवस के अवसर पर लघु सचिवालय परिसर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में अपना संदेश दे रहे थे। इस दौरान पंचकुला से राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लाईव जोड़ा गया, जिसमें मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी प्रदेशवासियों को अपना संदेश दिया। कृषि मंत्री दलाल ने कहा कि आज लाभपात्रों के खातों में सीधे रूप से पैसे भेजे जा रहे हैं और कोई बिचौलिया नही है,जबकि पहले लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। उन्होंने कहा कि वास्तव में लोकतंत्र वही है, जब पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि सरकार पंडित मदन मोहन मालवीय और भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के सपने को सुशासन दिवस के रूप में साकार कर रही है। सरकार की नीतियों से आज हर वर्ग खुश है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आमजन की शिकायतों के समाधान के लिए सीएम विंडो जैसी सुविधा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि सरकार ने घर पर योजनाओं का लाभ देकर लोगों को जीवन सरल व आसान किया है। उन्होंने कहा कि आमजन के साथ.साथ विशेषकर किसानों को लेकर सुशासन की बात की जाए तो सरकार ने किसानों की खुशहाली के लिए अनेक नीतियां बनाई हैं। कृषि, पशुपालन , बागवानी तथा मछलीपालन को बढ़ावा देने के लिए नई.नई योजनाएं लागू की हैं ताकि किसान परंपरागत खेती को छोडक़र आधुनिक खेती कर सके।



भिवानी। सुशासन दिवस पर कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए।

### आंगनवाड़ी वर्करों को भेंट किए मोबाइल फोन

कार्यक्त्रम के दौरान कृषि मंत्री श्री दलाल ने सरकार की विशेष योजना के तहत आंगनवाड़ी वर्कर अर्चना, अनीता, राजबाला,बबीता, सरोज कुमारी, रचना, सुनीता, निशा, ऊषा, ललीता,पूनम कुमारी, पिंकी,अनीता, सोनिया, सुदेश, शारदा, राजबाला, ऊषा देवी,सीमा रानी, बलजीत कौर को मोबाईन फोन भेंट किए। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री मनोहर लाल पंचकुला कार्यक्रम के माध्यम से अधिकारियों व कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे सुशासन के लक्ष्य को पूरा करने में अपना पूर्ण योगदान दें। जनसेवा व जनहित ही सरकार का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि नशे की प्रवृत्ति को रोकने को लेकर सामाजिक संस्थाओं का सहयोग भी जरूरी है। उन्होंने कहा भ्रष्टाचार को जड़ मूल से समाप्त करना हैए क्योंकि भ्रष्टाचार का असर गरीब व जरूरतमंद व्यक्ति पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमें मन में सेवा करने का व्रत लेना है।

### जिला स्तर पर प्रदान किए तीन पुरस्कार

कायक्रम के दौरान प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री दलाल ने जिला स्तर पर तीन पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कृषि मंत्री ने जिला प्रशासन की तरफ से पहला पुरस्कार जीजीएमएस रतेरा के जेबीटी अध्यापक अशोक कुमार 31000 रुपए,द्वितीय पुरस्कार 21 हजार रुपए के रूप में संयुक्त रूप से बीडीपीओ भिवानी सोमबीर कादयान और ग्राम सचिव संजेश और तीसरा पुरस्कार 11000 रुपए के रूप में एसडीएम कार्यालय के सहायक कृष्ण कुमार को प्रदान किया।

# हल देकर सीएम को किया सम्मानित

- देश व प्रदेश के विकास को केवल भाजपा ही दे सकती है गति :श्याम सुंदर शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लोहारू विधानसभा क्षेत्र के गांव सिंघानी में आयोजित अन्नदाता सम्मेलन में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सर्व समाज सेना के संस्थापक श्याम सुंदर शर्मा के नेतृत्व में पहुंचकर किसानों के मसीहा चौ. चरण सिंह को याद किया। श्याम सुंदर शर्मा भिवानी से लगभग 217 गाडिय़ों के काफिले को लेकर गांव सिंघानी रवाना हुए थे। सिंघानी पहुंचकर अन्नदाता सम्मेलन में श्याम सुंदर शर्मा ने समर्थकों के साथ किसानों की आस्था का प्रतीक हल देकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल को सम्मानित किया। रवाना होने से पूर्व उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश के विकास को पहिए केवल भारतीय जनता पार्टीभ्ही दिला सकती है। पिछले करीबन साढ़े 9 वषार्े में देश व प्रदेश का अभूतपूर्व विकास हुआ है। इसीलिए आम जनमानस का आकर्षण भारतीय जनता पार्टी बनी हुई है। श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की नीतियां आम आदमी के हित की है। चाहे वह किसानों को राहत देने की बात हो या फिर बुजुर्गों को पेंशन देने की। देश व प्रदेश में आवागमन के साधन बढ़ाने की बात हो या फिर युवाओं की प्रगति की बात हो, हर क्षेत्र में देश व प्रदेश ने प्रगति की है।



भिवानी। सीएम मनोहर लाल को हल देकर सम्मानित करते सर्व समाज सेना के संस्थापक श्याम सुंदर शर्मा। फोटो : हरिभूमि



### फुटबॉल में स्वर्ण पदक प्राप्त कर रचा इतिहास

**भिवानी।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल भिवानी ने हिसार में चल रहे डीएवी समूह के राज्य स्तरीय खेलों में फुटबॉल टीम ने तीन वर्गो की प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए तीनों वर्गो में स्वर्ण पदक हासिल किए। पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला व एएसपी लोकेश कुमार ने विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक जीतने पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। प्राचार्य दिवाकर तिवारी ने ये जानकारी देते हुए बताया कि राज्य स्तरीय खेलों में फुटबाल प्रतियोगिता में अंडर 19 पुरुष वर्ग के कप्तान अस्मित, अंडर 19 महिला वर्ग की कप्तान रेनू और अंडर 14 पुरुष वर्ग के कप्तान नवित सहित कोच रणवीर सिंह एवं डीपी संदीप मलिक के कुशल नेतृत्व में तीनों वर्गो में स्वर्ण पदक हासिल किया है। यह उपलब्धि छात्र-छात्राओं को और अधिक प्रेरित होने का अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि एसपी वरुण सिंगला, एएसपी लोकेश कुमार, डीएसओ डीएस हुडडा, कोच सोनिका, सेक्रेटरी पवन फोगाट, सरपंच राजेश, पीटीई गोवर्धन शर्मा, डीपी संदीप सांगवान व अमित सांगवान, कोच कुलदीप जाखड़ सहित विद्यालय स्टॉफ व फुटबॉल प्रेमियों ने छात्र.छात्राओं की इस शानदार जीत पर शुभकामनाएं दी।

### विद्यार्थियों ने सीएम और गीता मनीषी के साथ किया गीता पाठ

**भिवानी।** विवेकानंद हाई स्कूल भिवानी के विद्यार्थियों ने गीता मनीषी ज्ञानानंद और मुख्यमंत्री हरियाणा के साथ गीता के संगीतमय हिंदी और संस्कृत में अष्टाध्यक्ष श्लोक पाठ किया। सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम की मंच पर जहां एक तरफ हरियाणा के मुख्यमंत्री व गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज और हजारों विद्यार्थी गीता पाठ श्लोक उच्चारण कर रहे थे। संगीतमय अष्टादश गीता श्लोक प्रचारक एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक भारद्वाज और स्कूल की संचालिका सावित्री यादव ने कहा कि यह विद्यालय और अभिभावकों के लिए गर्व की बात है।

### हेमसा का प्रतिनिधिमंडल 28 को सौंपेगा डायरेक्टर को नोटिस, चरणबद्ध आंदोलन का लिया निर्णय

**भिवानी।** सरकार व शिक्षा विभाग के अड़ियल रवैये से खफा फील्ड मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मियों ने चरणबद्ध आंदोलन का बिगुल बजा दिया है। प्रथम चरण में जिला स्तर पर विस्तृत मीटिंग कर डीईओ की मार्फत नोटिस भेजे गए थे। द्वितीय चरण में 28 दिसंबर को राज्य कमेटी का प्रतिनिधिमंडल निदेशक को अपनी मांगों का नोटिस सौपेंगा तथा 10 जनवरी को शिक्षा सदन पंचकूला पर हल्ला बोल प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही सांझी मांगों को लेकर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर 4 फरवरी को रोहतक में होने वाले आक्त्रोश रैली में भी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। एसोसिएशन राज्य कोर कमेटी की ओर से प्रदेशाध्यक्ष संदीप सांगवान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उदयभान यादव, उपाध्यक्ष बलबीर कुम्हारिया, महासचिव हितेंद्र सिहाग, कोषाध्यक्ष मुकेश खरब आदि मौजूद रहे।

# नववर्ष मिलन समारोह के लिए दिया जा रहा न्योता

- भिवानी शहर के क्षेत्र महोल्लो सहित विभिन्न गांवों में लोगों को दिया न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

31 दिसंबर को दिनोद गेट स्थित गोबिंदराम टिबड़ेवाल सभागार में प्रजापति समाज द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह एवं नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्त्रम को लेकर जिला भर में न्यौता देने के लिए अलग.अलग टीमों का गठन किया गया है। जो कि विभिन्न क्षेत्रों में निमंत्रण अभियान चलाकर लोगों को कार्यक्रम में पहुंचने का न्यौता दे रहे है। इसी कड़ी में प्रजापति समाज के लोगों ने सोमवार को शहर के हनुमान गेट, पुराना बस स्टैंड क्षेत्रए बैंक कॉलोनी, खाड़ी महोल्ला तथा बवानीखेड़ा, मंढ़ाणा, चांग किशनगढ़ आदि गांवों में निमंत्रण अभियान चलाया। इस मौके पर आयोजन समिति के सदस्य रामप्रकाश पल्लु मास्टर व अर्जुन प्रजापति ने कहा कि इस समारोह में बतौर मुख्यअतिथि हरियाणा विधानसभा के उप सभापति रणबीर गंगवा शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीदक्ष प्रजापति महासभा हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष धर्मबीर ठेकेदार करेंगे तथा स्वागाध्यक्ष नप के पूर्व चेयरमैन मामनचंद प्रजापति होंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि वाली प्रतिभाओं को मंच से सम्मानित किया जाएगा, ताकि अन्य युवाओं व विद्यार्थियों को भी आगे बढऩे का शुभ अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह में अलग.अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ-साथ नववर्ष मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजन में भारतीय प्रजापति हीरोज आर्गेनाईजेशन बीपीएचओ, श्रीदक्ष प्रजापति महासभा हरियाणा, प्रजापति धर्मशाला समिति लोहड़ बाजार भिवानी श्रीदक्ष प्रजापति सेवा समिति हनुमान गेट भिवानी, वोक्सी साईंस अकादमी का सहयोग रहेगा।



भिवानी। लोगों को सम्मान समारोह का न्यौता देते हुए। फोटो : हरिभूमि



### पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को किया याद

**भिवानी।** भाजपा कार्यालय में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती पर उनको पुष्प अर्पित करके नमन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष शंकर धुपड़ ने कहा कि अटल अपने नाम की तरह से अटल थे वह एक सच्चे राष्ट्र भक्त होने के साथ.साथ हर हिंदुस्तानी के हृदय सम्राट थे अटल ने एक साधारण गरीब परिवार में जन्म लेकर अपनी नेक नीति और पूरा जीवन राष्ट्र के नाम समर्पित करके प्रधानमंत्री तक का सफर तय किया आज अटल को हर हिंदुस्तानी नमन कर रहा है । अटल की सरकार में उन्होंने स्वच्छता अभियान के साथ.साथ महत्वपूर्ण देश के गांव को जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना को लागू किया जिससे आज हर गांव और ढांनी शहर के नजदीक हो गई है और गांव सत्र तक व्यापार फैल रहा है । एक दूसरी उनकी योजना नदियों को जोड़ने की राही ताकि पूरे देश के किस को उपजाऊ जमीन के लिए पानी पर्याप्त मात्रा में मिलता रहे ।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 01664-252933, 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## डीसी व बीडीपीओ को फोन पर दी जानकारी, विजिलेंस से जांच की मांग की

# निर्माण कार्य गड़बड़ी पर विधायक ने लगाई ठेकेदार को फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सोमवार को गांव गुजरानी के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के भवन का निर्माण कार्य चंडीगढ़ मुख्यालय से बनकर आई ड्राइंग के हिसाब से न होने की वजह से विधायक बिसम्बर सिंह वाल्मीकि ने ठेकेदार को फटकार लगाई। साथ ही निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के हिसाब से नहीं होता पाया गया। इस पर विधायक ने उपायुक्त व बीडीपीओ को शिकायत की और साथ ही मामले की जांच विजिलेंस से कराए जाने को लेकर सीएम हाऊस में भी शिकायत की। इस दौरान विधायक बिसम्बर वाल्मीकि ने कहा कि निर्माण कायार्े में गुणवता से किसी तरह का कोई समझौता नहीं। लापरवाही बरतने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। विधायक बिसम्बर वाल्मीकि गांव गुजरानी पहुंचे। उन्होंने गांव में लोगों की समस्याएं सुनी और उनका अधिकारियों से सम्पर्क करके तत्काल निराकरण करवाया। साथ ही अधिकारियों से कहा कि वे सार्वजनिक कायार्े को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाए। लोगों के समक्ष सार्वजनिक समस्या नहीं रहनी चाहिए। कई जगहों पर लोगों ने विधायक का स्वागत किया।



भिवानी। निर्माण कार्य का निरीक्षण करते विधायक बिसम्बर सिंह वाल्मीकि।

### निर्माणाधीन स्कूल के भवन का किया निरीक्षण

विधायक बिसम्बर सिंह वाल्मीकि ने लोगों की समस्याएं सुनने के बाद सरकारी स्कूल के भवन का निर्माण को देखने के लिए पहुंच गए। वहां पर निर्माण कार्य में दोयम दर्जे की निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा था। दिवारों के बीम में पुराना सरिया लगाया जा रहा था। सीमेंट, रोड़ी व बजरी का भी सही हिसाब से मिलान करके नहीं लगाया जा रहा था। डीपीसी में कम सीमेंट के मसाले का प्रयोग होता मिला। जिस पर विधायक भड़क गए और उन्होंने उसी वक्त जिला उपायुक्त नरेश नरवाल तथा बीडीपीओ को मोबाइल फोन पर जानकारी दी। साथ ही विधायक ने दोनों अधिकारियों से वर्किंग डे में निरीक्षण करके मामले की जांच करने की भी कही। विधायक ने उक्त कार्य की जांच विजिलेंस से भी कराने के लिए सीएम हाऊस में सूचना दी। इस अवसर पर रेणु शर्मा सरपंच, संदीप प्रोफेसर रविन्द्र एक्स सरपंच,भूप सिंह, रूपेश धानक ,पवन शर्मा, सुंदरी पंजाबी पूर्व मैम्बर, महा सिंह पंच, नरेन्द्र पंच, मैनपाल पंच , सविता पंच,बद्री प्रधान, लीलू पंच, आदि थे।

